भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 755**

**07 फरवरी, 2024 के लिए प्रश्न**

**एमएसपी पर मक्का की खरीद**

**755. श्री रवनीत सिंह:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने संघीय रूप से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का खरीदने की योजना पर हस्ताक्षर कर दिए है.;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार देश में ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए मक्का को अगली बड़ी वाणिज्यिक फसल के रूप में देख रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ड.) इन उपायों से देश के किसानों को उनकी आय और उत्पादकता बढ़ाने में क्या-क्या लाभ होने की संभावना है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क) और (ख):** मोटे अनाजों की खरीद, आवंटन, वितरण और निपटान के लिए दिनांक-07.12.2021/28.03.2022/09.08.2023 के दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य एफसीआई के परामर्श से भारत सरकार के पूर्व अनुमोदन के अध्याधीन केन्द्रीय पूल के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से ज्वार, बाजरा, मक्का, जौ और रागी एवं छह लघु श्री अन्न (मिलेट्स) खरीद सकते हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में पीएमजीकेएवाई (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना) के तहत संपूर्ण मात्रा वितरित की जाएगी।

**(ग) और (घ):** सरकार इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम के तहत अनाज आधारित इथेनॉल आपूर्ति के लिए मुख्य फीड स्टॉक के रूप में मक्का के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। सरकार मक्के की औसत उपज में सुधार के साथ-साथ मक्के की खेती को बढ़ावा देने हेतु उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन, संकर/उच्च उपज वाली किस्मों (एचवाईवी) के वितरण, पौधे और मिट्टी संरक्षण प्रबंधन आदि के लिए वर्ष 2014-15 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के मोटे अनाज घटक के तहत सहायता भी प्रदान कर रही है।

**......2/-**

सरकार ने अनाज आधारित डिस्टीलरियों के कैचमेंट क्षेत्र में उच्च उपज देने वाली मक्का किस्मों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर) की "भारत में संधारणीय इथेनॉल उत्पादन हेतु मक्का अनुसंधान" नामक एक परियोजना को भी मंजूरी दे दी है।

सरकार मक्के से उत्पादित इथेनॉल का लाभकारी मूल्य तय करती रही है। ईएसवाई (इथेनॉल बिक्री वर्ष) 2022-23 और ईएसवाई 2023-24 के लिए मक्का से इथेनॉल का लाभकारी मूल्य निम्नानुसार है:-

(रुपये प्रति लीटर में)

| फीड स्टॉक/ईएसवाई | 2022-23 (दिसम्बर-अक्तूबर) | 2023-24 (नवम्बर-अक्तूबर) |
|---|---|---|
| मक्का | 66.07* | 71.86 |

* दिनांक 22 अगस्त, 2023 से

**(ड.):** सरकार की इन सकारात्मक पहलों के माध्यम से एमएसपी सुनिश्चित करके न केवल किसानों को लाभ होगा, बल्कि व्यवसाय की एक श्रृंखला प्रदान करके सहकारी/पीएसीएस (प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों) को भी मजबूती मिलेगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और कृषि-अर्थव्यवस्था में सुधार होगा।

******